News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-81
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

सादगी से बढ़कर कोई श्रृंगार नहीं होता और विनम्रता से बढ़कर कोई व्यवहार नहीं होता।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

बिहार, बुधवार, 26 जून 2024



### जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने कहा

## विकास के कार्यों को गति देते हुए सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराई जाए

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में जिला समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने कहा कि मुख्यालय पटना से प्राप्त विभागीय पत्रों के माध्यम से जो भी कार्य निर्देशित हैं, सभी विभागीय पदाधिकारी उन कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराते हुए अपने-अपने विभाग को भी उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास के कार्यों को गति देने में अगर दो या तीन विभागों के सहयोग की जरूरत है तो जहां कहीं भी दिक्कत है या बाधा है, उसको इस बैठक में बताएं एवं आपसी सहयोग तथा समन्वय के साथ कार्यों को संपन्न कराएं।

डीएम ने कहा कि सभी प्रखंडों के लिए वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नए सिरे से कर दी गई है। सभी वरीय पदाधिकारी अपने संबंधित प्रखंडों में भ्रमण कर सरकार की चल रही योजनाओं की जांच करेंगे एवं उसका समय प्रतिवेदन देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान महादलित दोनों में जरूर जाएंगे और वहां लोगों से मिलकर उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला के वरीय पदाधिकारी भी सप्ताह में एक दिन क्षेत्र भ्रमण करें एवम योजनाओं की जांच कर उसी दिन संध्या में प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।

आज की बैठक में जिला स्तरीय सभी कार्यालयों का एजेन्डावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देंगे तथा कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर कार्यालय आयें एवं बायोमेट्रिक एटेन्डेंस दर्ज करें। सभी पदाधिकारी इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को हर



माह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला स्तर के पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन अपने आवंटित प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। जन संवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन पदाधिकारी अपने स्तर से करेंगे। प्रत्येक पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब के निर्माण पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह में दो बार इस तरह की बैठकर आयोजित की जाएगी। अगली बैठक में बायोमैट्रिक अटेंडेंस से संबंधित प्रतिवेदन लिया जाएगा। उन्होंने सभी अंचलों में अनुग्रह अनुदान की लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति, खनन,आपूर्ति,मध् निषेध एवं अभियोजन के मामलों के संबंध में पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विशेष कार्य पदाधिकारी से मिलकर बैठक का आयोजन करें और इसे अगले मासिक टूर प्रोग्राम में भी डलवा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग से संबंधित ऐप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति बनाने का निर्देश प्राप्त हुआ है इसे सुनिश्चित कराई जाए। ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनएचएआई से संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन का संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। प्रखंडों के लिए प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को जिला के सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यायलयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया

बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री समीर सौरभ सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि प्रखंडों से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे.

### मिड डे मील में सड़ा हुआ अंडा खाने से मना किया तो आपे से बाहर हो गए हेडमास्टर साहब

## दर्जनभर से अधिक बच्चों को पीट पीटकर पहुंचा दिया अस्पताल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

ॅसीतामढ़ी, बिहार में मिड डे मील की बदहाली किसी से छुपी नहीं है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से आए दिन मध्यान भोजन में गड़बड़ी की शिकायतें आती रही हैं। ताजा मामला सीतामढ़ी से सामने आया है, जहां मिड डे मील में मिले सड़े हुए अंडे और कीड़ा युक्त भोजन खाने से जब बच्चों ने मना किया तो स्कूल के हेडमास्ट र आपे से बाहर हो गए और बच्चों की बेरहमी से पिटाई कर दी। हेडमास्टर ने एक के बाद एक 13 बच्चों को पीट-पीटकर जख्मी कर दिया।

दरअसल, पूरा मामला सीतामढ़ी जिले के चोरौत थाना क्षेत्र के परिगामा पंचायत में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, का है, जहा परिगामा के प्रधानाचार्य ब्रजेश कापर ने विद्यालय में पढ़ रहे लगभग तेरह बच्चों को? मार-पीट कर घायल कर दिया। घायल बच्चों ने कहा कि हम लोग पूर्व की भांति विद्यालय में पढ़ने गए थे। हमलोगों को सड़ा हुआ एवं कूड़ा युक्त खाना खिलाया जाता है। बीते दिन हम लोगों को प्रधानाध्यापक बृजेश कापर के द्वारा सड़ा हुआ फल का वितरण किया गया, जिसे हम लोगों ने लेने से मना कर दिया।

बच्चों का आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर हेडमास्टर ब्रजेश कापर ने अलग-अलग प्रश्न पूछ कर बेरहमी से हम बच्चों की पिटाई कर दी। पिटाई की जानकारी पाकर बच्चों के अभिभावकों ने पुलिस को फोन कर दिया। सूचना पर स्कूल पंहुची पुलिस ने



घटना की जानकारी ली और घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चोरौत में भर्ती कराया। डॉक्टर विकास कुमार ने बताया कि सभी जख्मी बच्चों का इलाज किया गया है। बच्चों के हाथ बांह और आंखों में चोटें आई हैं। सभी बच्चों का प्राथमिक इलाज किया गया है।

पूरे मामले पर बीईओ सुधीर राय ने कहा कि घटना की जानकारी हमें नहीं है। अगर शिक्षक ने पीटाई की है तो वह निंदनीय है। जांच करते हुए दोषी शिक्षक पर कार्रवाई करेंगे। घायल बच्चों में परिगामा गांव निवासी वर्ग 8 के छात्र अमित कुमार, लव कुमार, अजीत कुमार, विक्की कुमार, सचिन कुमार, मणि कुमारी, शिवम कुमार, अमित कुमार, अजय कुमार, वर्ग 7 के छात्र लभ कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी, खुशी कुमारी वही वर्ग 6 के छात्र ऋषि कुमार हैं। परिजनों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध बालू खनन को रोकने के लिए गया DM ने की अधिकारियों के साथ बैठक

### कहा- किसी भी सूरत में नहीं बख्शें जाएंगे बालू माफिया

**गया**- अवैध बालू खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए लिए गया डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मीटिंग में सभी बंदोबस्त घाटों के ठेकेदारों, खनन विभाग के तमाम पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। अवैध बालू खनन को रोकने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिये गये। गया डीएम ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष ज्वाइंट रूप से लगातार छापेमारी अभियान चलाये। इसके अलावे अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सप्ताह में 2 दिन अनिवार्य रूप से बालू घाटों पर छापेमारी करे। छापेमारी पूरी तैयारी करते हुए करें जिससे बरामदगी ज्यादा से ज्यादा हो सके। बता दें कि मानसून को लेकर 15 जून से नदियों एवं घाटों से बालू के उठाव को बंद किया गया है। वर्तमान समय में कोई भी बालू घाट चालू नहीं है। यदि कोई भी वाहन नदी या घाट से बालू का उठाव करता है तो वह पूरी तरह अवैध माना जाएगा। सभी बंदोबस्त घाटों के संवेदक को डीएम ने निर्देश दिया कि अपने-अपने घाटों का भौतिक रूप से निरीक्षण करें। जहां भी बालू उठाव के कारण गड्ढे बने हैं उसे समतलीकरण कराए ताकि नदी में डूबने से संबंधित कोई घटना नहीं हो। घाटों से बालू उठाव के कारण बने गड्ढे में बारिश का पानी भरने के कारण घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने खनन विभाग के पदाधिकारी एवं संबंधित बालू घाट के संवेदक को संयुक्त रूप से घाटों का सर्वेक्षण करने एवं सर्वेक्षण में जो भी गड्ढे दिखे जाएंगे उसे समतल कराये। इसके अलावे डीएम ने कहा कि अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से भी नामित पदाधिकारी भी घाटों पर बने गड्ढे का सर्वेक्षण करेंगे एवं खनन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर गड्ढे को भरवाने का काम सुनिश्चित करेंगे।

गया जिले के डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में घाटों में बालू उठाव के कारण बने गड्ढों को 30 जून तक समतलीकरण करवा लें। ज़िला खनन पदाधिकारी ने बताया कि अप्रैल से जून माह के बीच अब तक 182 छापेमारी हुई जिसमे 20 प्राथमिक दर्ज की गयी। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया वही 56 वाहनों को जब्त किया गया है। इस दौरान 191.95 लाख रुपया जुर्माना वसूला गया है। गया डीएम ने सभी पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है पूरी प्लान तैयार कर नियमित छापेमारी अभियान चलाए और बड़े माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। किसी भी सूरत में बालू माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिहार में कई IAS अधिकारियों का तबादला

## पटना के डीएम बदले गये

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, पटना से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। राज्य सरकार ने कई आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक का भी ट्रांसफर कर दिया है। सरकार ने कुल 6 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। चंद्रशेखर फिर से पटना के डीएम बने राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक चंद्रशेखर सिंह को पटना का फिर से डीएम बनाया गया है। चंद्रशेखर पहले भी इसी पद पर थे। बाद में उन्हें मुख्यमंत्री सचिवालय में विशेष सचिव बनाकर शीर्षत कपिल अशोक को पटना का डीएम बनाया गया था। सरकार ने अब एक बार फिर चंद्रशेखर सिंह को पटना के डीएम पद की जिम्मेदारी सौंपी है।




वही पटना के मौजूदा डीएम शीर्षत कपिल अशोक को बिहार राज्य पथ निर्माण निगम में एमडी बनाया गया है। वे पथ निर्माण विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हिमांशू शर्मा को जिविका का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे एक और अधिकारी निलेश रामचंद्र देवरे को नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वे ब्रेडा और बिहार राज्य संचरण कंपनी के एमडी के भी चार्ज में रहेंगे। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के एमडी आदित्य प्रकाश को स्वास्थ्य विभाग में अपर सचिव बनाया गया है।

राज्य सरकार ने छतीसगढ़ से कैडर बदलवा कर बिहार आए आईएएस अधिकारी लक्ष्मण तिवारी की भी पोस्टिंग कर दी है। उन्हें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में ओएसडी के पद पर तैनात किया गया है।

## घरवालों की मर्जी के खिलाफ प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

जमुई, जमुई में एक प्रेमी जोड़े ने घर से भागकर मलयपुर थाना क्षेत्र के पत्नेश्वर नाथ शिव मंदिर में शादी रचा ली। प्रेमी-युगल की शादी का मामला लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि दोनों के बीच करीब 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़की के घरवाले जब नहीं माने तो दोनों ने घर से भाग मंदिर में शादी कर ली। शादी का वीडियो सोशल पर तेज़ी से वायरल हो रहा है। युवक का नाम जयप्रकाश यादव बताया जा रहा है। जिसकी उम्र 23 साल और युवती राबड़ी कुमारी 22 साल की है। युवक लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के दिघरा इलाके का रहने वाला है जबकि युवती पास ही की गांव की रहने वाली है। दोनो ग्रेजुएशन के स्टूडेंट हैं। पहले जमुई के एक स्कूल में साथ पढ़ते थे। एक ही स्कूल में पढ़ने के कारण दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल चल रहा था। प्रेमी जयप्रकाश यादव लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के केनुहट मोड़ पर चाय का दुकान चलाता है। बताया जाता है कि दोनों एक ही जाति के हैं इसलिए दोनों के घर वाले इस शादी के विरोध में थे। प्रेमी जोड़े ने आपसी सहमति से भाग कर मंदिर में शादी रचाई फिर वीडियो बनवा कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शादी के बाद दोनों पक्ष के लोग खोजबीन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक दोनों का कोई अता पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि प्रेमी-जोड़े के शादी करने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वैशाली में महिला थानेदार की पिटाई करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### दो युवती और एक युवक को भेजा गया जेल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

वैशाली, वैशाली में पुलिस पर हमला करने के मामले में दो युवती और एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस उन्हें जेल भेजने में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के प्रतापतार गांव निवासी आदित्य सिंह की पुत्री विनीता कुमारी बंधन कुमारी और पुत्र विकास कुमार मारपीट का मामला दर्ज करने महिला थाना पहुंचा था।

महिला थाने में ड्यूटी पर तैनात अपार थानाध्यक्ष द्वारा तीनों को बताया गया कि यह मारपीट का मामला है। संबंधित थाने में मामला दर्ज कराईए। इसके बाद महिला थाना के थानाध्यक्ष से इस दौरान कहासुनी शुरू हो गयी। बात इतनी आगे बढ़ गई कि तीनों महिला थाने के थानाध्यक्ष के साथ मारपीट करने लगे। मामले की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी गई।

जिसके बाद मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस जेल भेजने में लगी है। वही मारपीट में घायल महिला थाना के थानाध्यक्ष को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला थाना के थानाध्यक्ष के बयान पर पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई करने में जुटी है।

इस संबंध में सदर थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया की महिला थाना के अपर थाना अध्यक्ष के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। अपार थाना अध्यक्ष के बयान पर मामला दर्ज कर तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गये सफाई कर्मी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

चम्पारण, अपनी मांगों को लेकर मोतिहारी के सुगौली नगर पंचायत के सफाईकर्मी हड़ताल पर हैं। हड़ताली सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। सरकार द्वारा निर्धारित मानक सैलरी में ठेकेदार द्वारा कटौती करने से नाराज सफाई कर्मियों का कहना है कि पीएफ में भी कई वर्षों से गड़बड़ी की जा रही है। किसी को भी पीएफ का कोई रिसिप्ट प्राप्त नहीं हुआ है। सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नाले से निकाले गए कचड़े हर जगह पड़ा हुआ है। बारिश होने



की वजह से रोड पर पड़े कचड़े अब बहने लगे हैं। जिससे सड़क पर चलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। सुगौली की सफाई व्यवस्था फिर से सुचारू रूप से बहाल हो और किसी भी प्रकार की गंदगी से बीमारी का खतरा न बनी रहे। यह मांग स्थानीय लोग कर रहे हैं। वही नगर पंचायत के स्वच्छता प्रबंधक मोइन अंसारी ने बताया कि सफाई कर्मियों की मांग नगर पंचायत के नियम के अनुकूल नहीं है। विभागीय नियम के अनुसार उनको उपलब्ध सुविधाएं दी जा रही है।

## बिहार में कहर बरपा रही आकाशीय बिजली

### 6 लोगों की मौत, 3 गंभीर रूप से झुलसे

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

आकाशीय बिजली गिरने से बेतिया में एक महिला की मौत हो गई है और एक तीन वर्षीय बच्ची झुलस गई है. बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी. तभी बारिश होने लगी और घर पर ही ठनका गिर गया, जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक 3 वर्षीय बच्ची झुलस गई, जिसका इलाज बेतिया जीएमसीएच में चल रहा है.

मोतिहारी के तुरकौलिया में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई. चरगाहा पंचायत के वार्ड नंबर चार स्थित परशुरामपुर गांव का निवासी किशोर खेत में धान का बिचड़ा उखाड़ने गया था.

वहीं रोहतास में भी आकाशीय बिजली ने एक की जान ले ली. बक्सर में 3 की मौत हुई है. जिले के सोनवर्षा ओपी के मणिया और सारा में आंधी-पानी में आम चुनने के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर दो बच्चों व एक युवक की मौत हो गई. साथ ही दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए.